# कांग्रेस का हाइवे पर चक्काजाम व प्रदर्शन

## एसआइआर में गड़बड़ी को लेकर जिला कांग्रेस का कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन, ज्ञापन सौपा


**खरगोन, निप्र।** जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) पर कांग्रेस ने सवाल उठाए है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी, विधायक केदार डावर, जिलाध्यक्ष रवि नाईक, के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता- पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने से गुजर रहे चित्तौडगढ़-भुसावल हाईवे पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं की भीड़ के चलते यह धरना, चक्काजाम प्रदर्शन के रुप में तब्दील हो गया। पुलिस को आवाजाही बंद करना पड़ी।



कलेक्टर कार्यकाल के मुख्य द्वार पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज लगाकर जिला कांग्रेस कमेटी खरगोन के नेतृत्व में घेराव प्रारंभ किया। पूर्व विधायक श्री जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के दबाव में फार्म-7 के आवेदन थोकबंद लिए गए। जिन लोगों ने शिकायत की है, वह फर्जी शिकायतकर्ता है। प्रशासन इनकी जांच कर झूठी शिकायत करने वालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें, अन्यथा कांग्रेस बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। जिलाध्यक्ष नाईक ने कहा कि भाजपा के नेता ने निर्वाचन अधिकारियों पर दबाव बनाकर वैध व्यक्तियों के नाम हटाने के लिए बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज कराई है। जिन लोगो के नामों पर आपत्ति ली जा रही है, वह कांग्रेस के परंपरागत मतदाता है। जबकि अधिकांश मामलों में शिकायतकर्ता, जिसका नाम फॉर्म में है, या तो लापता है या इस प्रदेश का रहवासी ही नही है। धरने को पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पूर्णा ठाकुर, पूर्व पार्षद अलताफ आजाद, अलीम शेख आदि ने भी संबोधित किया। डिप्टी कलेक्टर प्रताप अगास्या, एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने कांग्रेस के मांगपत्र सौंपे जाने के बाद प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए माईक पर कहा कि फॉर्म.7 दाखिल होने से किसी भी मतदाता का नाम अपने आप नहीं हटता। हर आपत्ति पर कानूनी प्रक्रिया के तहत फील्ड वेरिफिकेशन किया जाएगा। संबंधित मतदाता को नोटिस देकर सुनवाई का मौका देंगे। इसके बाद ही नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## बड़वाह फोरलेन की अधिसूचना जारी ,विरोध में ज्ञापन सौंपा

**सनावद, निप्र।** शासन ने बड़वाह-धामनोद फोरलेन राजमार्ग (एसएच -36) के निर्माण हेतु अधिसूचना जारी की है। शासन के निर्णयानुसार बड़वाह नगर के जय स्तंभ से लेकर नेशनल हाईवे के अंडरपास तक सड़क के सेंटर से दोनों ओर 50-50 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। शासन के इस प्रस्ताव का बड़वाह नगर के व्यवसायियों और नागरिकों ने विरोध किया है।



इस तारतम्य में बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव, ग्राम रतनपुर के निवासियों और व्यापारियों ने विधायक सचिन बिरला को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बड़वाह का धामनोद रोड नगर का सर्वाधिक व्यस्ततम व्यापारिक मार्ग है।

इस मार्ग पर बड़ी संख्या में दुकानें, व्यापारिक संस्थान,शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और आवासीय भवन स्थित हैं। इस मार्ग पर दोनों ओर 50-50 फीट जमीन का अधिग्रहण करने से बड़ी संख्या में दुकानें, व्यापारिक संस्थान और आवासीय भवन तोड़ना पड़ेंगे। इससे व्यापारियों और निवासियों को बड़े पैमाने पर हानि होगी और रोजगार पर अत्यंत विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रकार ग्राम बफलगांव एवं ग्राम रतनपुर के ग्रामवासियों ने नेशनल हाईवे के अंडरपास से लेकर धामनोद तक सड़क के दोनों ओर 100-100 फीट भूमि अधिग्रहण का विरोध किया है। ऐसा करने से सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानें, व्यापारिक संस्थान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन टूटेंगे।

ग्रामवासियों और बड़वाह नगर के व्यापारियों तथा नागरिकों ने शासन से मांग की है कि बड़वाह नगर के जय स्तंभ से लेकर नेशनल हाईवे के अंडरपास तक सड़क के दोनों ओर 30-30 फीट जमीन अधिगृहित की जाए। ऐसा करने से अनेक दुकानें,व्यापारिक संस्थान और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन टूटने से बच जाएंगे और रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार ग्राम बफलगांव, ग्राम रतनपुर के साथ साथ किठूद, पिपल्याबुजुर्ग निवासियों ने भी मांग है कि नेशनल हाईवे के अंडरपास से लेकर रतनपुर फाटे तक सड़क के दोनों ओर 100-100 फीट की जगह 50-50 फीट भूमि अधिगृहित की जाए। ऐसा करने से सड़क के दोनों ओर स्थित वर्षों पुरानी कमर्शियल दुकानें एवं आवासीय भवन टूटने से बच जाएंगे और आवागमन में भी बाधा उत्पन्न नहीं होगी।

इसके अलावा ग्रामवासियों ने रतनपुर फाटा पर ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण नहीं करने की मांग भी शासन से की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि ग्रामवासियों और व्यापारियों की मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। विधायक ने बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव, ग्राम रतनपुर में निवासियों और व्यापारियों की मांगों से पूर्ण सहमति व्यक्त की और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। विधायक ने आश्वस्त किया कि धामनोद रोड के प्रस्तावित चौड़ीकरण के कारण बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव,ग्राम रतनपुर के निवासियों एवं व्यापारियों की कठिनाइयों से जल्दी ही मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे तथा धामनोद रोड के प्रस्तावित चौड़ीकरण में संशोधन हेतु उच्च प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान डोंगरसिंह खंडाला, अजहर तंवर, सरपंच लोकेन्द्रसिंह पटेल, सरपंच अमरसिंह, रामेश्वर जायसवाल, सतीश गोस्वामी, संजय परिहार, कमल पंवार, राजू गोस्वामी, राजेश पटेल , सतीश गोस्वामी, दिलावर सोलंकी, सुनील डाबर, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, अनिल अजमेरा, श्याम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## खाटू श्याम जी के मंदिर का तीन दिवसीय पाटोत्सव धूमधाम से मनाया




**बड़वाह, निप्र।** गुरुवार को नगर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम माचलपुर धाम बाबा खाटू श्याम के जयकारों से गूंज उठा। बाबा खाटू श्याम की भक्ति और ध्यान में ग्रामीण उत्साह और उमंग में गोते लगाते नजर आए। ग्राम माचलपुर में बाबा खाटू श्याम जी के मंदिर का तीन दिवसीय तृतीय पाटोत्सव 27 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 जनवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें गुरुवार 29 जनवरी को जया एकादशी पर सुबह बाबा खाटू श्याम जी का पूजन हवन वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा कराया गया। पश्चात ग्राम बंजारी से माचलपुर धाम तक धर्म पताकाओं के साथ विशाल निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने ढोल धमाकों के साथ नाचते गाते बाबा श्याम के जयकारे लगाए। यात्रा में ढोल, ताशे, आदिवासी हगोरी नृत्य भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान शिव की अघोरी बारात अपने करतबों से भक्तों को रोमांचित कर रही थी। दोपहर में यात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद बाबा श्याम की महाआरती की गई। एवं शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें गायक अभिषेक नामा (जयपुर), मुकुल द्विवेदी (वृंदावन) एवं आदर्श दाधीच (कटिहार) अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## गृहस्थ धर्म एक तपोवन है : रामलाल पटेल

**कसरावद, निप्र।** ग्राम गवला में चल रही पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से परिवार प्रकरण की व्याख्या करते हुए कथावाचक रामलाल पटेल ने कहा कि धौम्य ऋषि के अनुसार गृहस्थ धर्म एक तपोवन है। गृहस्थ धर्म का पालन करना एक प्रकार का योगाभ्यास है। सच्चे गृहस्थ धर्म की विशेषता बताते हुए पटेल ने कहा कि जिस घर में नित्य दीपक जलता है, आंगन में तुलसी का पौधा लगा हो, प्रतिदिन भगवान की उपासना होती है, स्वाध्याय होता हो, महापुरुषों के चित्र लगे हों, सात्विक भोजन बनता हो, नियमित भगवान को भोग लगाया जाता है ऐसा घर निश्चित रूप से तपोवन है। गृहस्थ धर्म की महिमा का बखान करते हुए पटेल ने बताया कि प्राचीन समय में जब अर्जुन और सदगृहस्थी सुधनवा का युद्ध हुआ तो अर्जुन के साथ भगवान कृष्ण के होते हुए भी गृहस्थ धर्म के पालन में निपुण सुधनवा युद्ध में जीत



जाता है। भगवान श्रीकृष्ण भी उसके सच्चे गृहस्थ धर्म के आगे नतमस्तक होते हैं। इसीलिए हमारे ऋषियों ने सब आश्रमों में गृहस्थ आश्रम को ही सर्वश्रेष्ठ बताया है। कथा करते हुए पटेल ने बताया कि माता-पिता ही धरती के प्रथम भगवान हैं। माता-पिता की सेवा ही असली पुत्रवत धर्म है। पटेल ने कहा कि यदि माता-पिता की जीत जी सेवा न कर पाए और उनके मरने के बाद लोगों को छप्पन भोग भी खिलाए तो क्या लाभ? पटेल ने आज के मार्डन युग में बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। पटेल ने कहा कि आज शिक्षा के साथ विद्या भी जरूरी है तभी बच्चे जीवन के संग्राम में सफल हो सकेंगे। कथाकार पटेल ने बताया कि संतों का समागम और हरि कथा का संयोग जब होता है तो जीवन का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि कथा व्यक्ति के भ्रमों को दूर करती है। कथा सुनने से व्यक्ति का अहंकार दूर होता है। इसलिए कथा श्रवण का पुण्य लाभ सभी को लेना चाहिए। बुधवार को प्रातः कालीन यज्ञ में गांव के 45 से अधिक जोड़ों ने नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विश्व मंगल की कामना से आहूतियां समर्पित की।

## पत्रकारिता में भी रोजगार की अपार संभावनाएं

**मंडलेश्वर, निप्र।** स्वास्थ्य प्रतियोगिता से ही रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। स्वयं को अन्य लोगों से श्रेष्ठ साबित करने के लिए किसी प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से श्रेष्ठ साबित कर ही रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।हमारे देश में वर्तमान समय में बेरोजगारों की संख्या अधिक होने से किसी भी पद के विरुद्ध हजारों उम्मीदवार होते है इसलिए किसी भी नौकरी के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आज की आवश्यकता बन गई है।यह बात शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर एवं महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में चल रहे केरियर मेले में वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश राजदीप ने कही।दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों को भारत की प्रमुख सिविल सेवा परीक्षा, राज्य सेवा परीक्षा, एस एस सी परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार




प्राप्त करने की तैयारी की जानकारी देते हुए बताया कि भारत की सबसे बड़ी सरकारी सेवा आय ए एस है। इस पद को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति का किसी भी विषय में स्नातक (ग्रेजुएट) होना आवश्यक है।कड़ी मेहनत से यह पद प्राप्त किया जा सकता है।पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी देते हुए आपने बताया कि पत्रकारिता में स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त युवाओं के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में अपार संभावनाएं है।कुछ विश्वविद्यालय 12 वीं के बाद स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करती है। कुछ स्नातक के बाद पत्रकारिता में स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करती है।पत्रकारिता में स्नातक युवा प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आकर्षक पद प्राप्त कर सकते है।रेडियो और दूरदर्शन में भी रोजगार मिल सकता है। साथ ही सरकार के उपक्रमों शासकीय विभागों विभिन्न मंत्रालयों में जनसंपर्क अधिकारी का पद होता है। जिला स्तर पर भी जनसंपर्क कार्यालय में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा स्वयं का अखबार न्यूज चैनल भी बनाया जा सकता है।

**एक नजर में** | विधायक सचिन यादव ने नर्मदा घाटी की माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का किया निरीक्षण

## सिंचाई व्यवस्थाओं की हकीकत जानने मैदान में उतरे सचिन यादव

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** बलकवाड़ा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं की स्थिति एवं किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने गुरूवार 29 जनवरी को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना बलकवाड़ा, पंप हाउस बाल्यापुर, खेड़ी तालाब अघावन तथा अपर जमला तालाब (खेड़ी) का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी, तकनीकी अमला, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**पंप हाउस की कार्यप्रणाली की समीक्षा:-** निरीक्षण के दौरान पंप हाउस



बाल्यापुर की मशीनरी, विद्युत आपूर्ति, संचालन व्यवस्था एवं जल वितरण क्षमता की जानकारी ली गई। किसानों ने बताया कि कई बार समय पर पानी नहीं मिलने से फसलों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस पर विधायक सचिन यादव ने अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**तालाबों की स्थिति पर चर्चा:-** खेड़ी तालाब अघावन एवं अपर जमला तालाब (खेड़ी) के निरीक्षण के दौरान जल संग्रहण, नहरों की स्थिति तथा रख-रखाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने तालाबों की सफाई, गाद निकासी एवं नहर मरम्मत की आवश्यकता बताई। श्री यादव ने कहा कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसानों के हितों के विपरीत है।

**अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश:-** निरीक्षण बैठक में सचिन यादव जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंप हाउस एवं तालाबों का नियमित निरीक्षण किया जाए। तकनीकी खामियों को प्राथमिकता से दूर किया जाए। किसानों की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई व्यवस्था में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखी जाए। विधायक सचिन यादव ने कहा कि क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था सिंचाई पर निर्भर है। किसानों को पर्याप्त और समय पर पानी मिले, यह सुनिश्चित करना शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाएगा। निरीक्षण से किसानों में संतोष और उम्मीद का माहौल बना। ग्रामीणों ने अपेक्षा जताई कि निरीक्षण के बाद सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और आने वाले समय में कृषि उत्पादन को मजबूती मिलेगी।

### एक नजर में

## क्षत्रिय महाराणा प्रताप राजपूत समाज धर्मशाला नवनिर्माण हेतु दानदाताओं का भव्य सम्मान समारोह



**मंडलेश्वर, निप्र।** ग्राम धरगांव में क्षत्रिय महाराणा प्रताप राजपूत समाज धर्मशाला के नवनिर्माण कार्य को गति देने हेतु समाज के दानदाताओं के सम्मान में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन उन समाजसेवियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से किया गया, जिन्होंने समाजहित में उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग प्रदान कर धर्मशाला नवनिर्माण जैसे पुण्य कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों द्वारा सभी दानदाताओं का पारंपरिक रूप से शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की उन्नति एवं विकास के लिए इस प्रकार का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों हेतु एक सशक्त आधार प्राप्त होगा।इस अवसर पर प्रीतम सिंह पटेल एवं उदयसिंह पटेल द्वारा संयुक्त रूप से एक लाख 51 हजार रुपये, सबल सिंह पटेल द्वारा एक लाख रुपये, श्याम सिंह मंडलोई द्वारा एक लाख रुपये की राशि धर्मशाला नवनिर्माण हेतु दान की गई। इसके अतिरिक्त मांगीलाल सिंह पटेल, बलराम सिंह मंडलोई, दौलत सिंह मंडलोई, जसवंत सिंह मंडलोई, इंदर सिंह मंडलोई, विक्रम सिंह मंडलोई, सेवानिवृत्त विक्रम सिंह मंडलोई, सबल सिंह मंडलोई, राजेन्द्र सिंह मंडलोई एवं रणजीत सिंह मंडलोई द्वारा 51-51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने दानदाताओं के इस योगदान की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। साथ ही धर्मशाला नवनिर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर समाज को समर्पित करने का संकल्प भी लिया गया। इस सम्मान समारोह में राकेश सिंह सोलंकी, कैलाश सिंह मंडलोई, डॉक्टर आनंद सिंह मंडलोई, ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई, श्याम सिंह मंडलोई, अंतर सिंह पटेल, दिनेश पटेल, कुलदीप सिंह मंडलोई, दीपक सिंह पटेल, जितेंद्र सिंह मंडलोई, लखमे सिंह मंडलोई प्रीतम सिंह मंडलोई, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द, समाज एकता एवं विकास के संकल्प के साथ हुआ।

## सनावद में MBA परीक्षा में देरी, RGPV पर लगे आरोप : छात्र प्रभावित

**सनावद, निप्र।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (RGPV), भोपाल से संबद्ध आरएनटी कॉलेज के MBA छात्रों की आज निर्धारित परीक्षा में अप्रत्याशित देरी हुई। परीक्षा केंद्र के रूप में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सनावद को नामित किया गया था, लेकिन सूचना में भारी विलंब के कारण परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो सकी। संस्था सूत्रों के अनुसार, RGPV से आधिकारिक सूचना आज सुबह 10 बजे के आसपास प्राप्त हुई, जबकि परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होनी थी। Rgp1 ने सुबह 9 :28 बजे व्हाट्सएप मैसेज और 9 :36 बजे आशीष जैन के द्वारा फोन कॉल के माध्यम से संपर्क किया था। हालांकि, परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक सामग्री जैसे उत्तर पुस्तिकाएं, छात्रों की सूची आदि उपलब्ध नहीं थीं। उत्तर पुस्तिकाएं 10 :00 बजे के बाद मिलीं। RGPV से संपर्क करने पर विश्वविद्यालय ने निर्देश दिया कि परीक्षा का समय संस्था स्वयं तय कर सकती है और छात्रों को पूरे 3 घंटे का समय दिया जाए। परिणामस्वरूप, 10 बजे शुरू होने वाली परीक्षा करीब 11 बजे के बाद शुरू हुई। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सनावद के प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि RGPV द्वारा परीक्षा केंद्र बनाए जाने की सूचना समय पर नहीं दी गई, जिसके कारण कोई तैयारी



नहीं हो सकी। संस्था का कहना है कि बिना आधिकारिक निर्देश और आवश्यक सामग्री के परीक्षा करवाना संभव नहीं था। प्रबंधन ने खुद को पूरी तरह निर्दोष बताया और जिम्मेदारी RGPV पर डाली। इस बीच, 'आजाद हिन्द' चैनल द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित खबर में कॉलेज प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया गया है। संस्था का दावा है कि चैनल ने बिना संपर्क किए या तथ्यों की जांच किए बिना गलत जानकारी फैलाई। प्रबंधन ने इस खबर को भ्रामक और एकतरफा करार दिया है। छात्रों ने देरी से नाराजगी जताई है, जबकि RGPV की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। इस घटना से परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर सवाल उठ रहे हैं।

## युवा साथियों ने निकली धार्मिक यात्रा



**सनावद, निप्र।** तप त्याग एवं संयम में सदैव अग्रणी रहने वाले नगर सनावद के युवा साथियों ने धार्मिक यात्रा पर खंडवा स्थित दयोदय अहिंसा तीर्थ क्षेत्र बोरगांव क्षेत्र के दर्शन कर पुण्य संचय किया। सन्मति जैन काका ने बताया कि नगर के युवा मंडल बहु मंडल के साथियों के द्वारा एक दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें खंडवा स्थित दयोदय अहिंसा तीर्थ क्षेत्र बोरगांव क्षेत्र के दर्शन कर मंदिर के व्यवस्थापक प्रदीप कासलीवाल से मंदिर के इतिहास को जाना एवं धर्मलाभ लिया इस अवसर पर प्रशांत चौधरी, हेमंत काका, वैभव सराफ, अनुभव सराफ, मनोज चौधरी , सोनू जैन,मौसम जैन, नीतू चौधरी, प्रियंका पंचोलिया, निकिता सराफ, गरिमा सराफ, आरती चौधरी, नीलू जैन, साधना जैन, स्मिता जटाले उपस्थित थी।

## बड़वाह में सखी सहेली हल्दी-कुमकुम उत्सव : महिलाओं ने तिल : गुड़ खिलाकर दी शुभकामनाएं



**बड़वाह, निप्र।** बाफना धर्मशाला में पार्षद रजनी भंडारी व डॉ समता भंडारी ने हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे 250 से अधिक महिलाए शामिल हुई थी इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाए और तिल गुड़ के व्यंजन खिलाए। इसके साथ ही एक-दूसरे को सुहाग सामग्री एवं उपहार देते हुए उनके अखंड सुहाग की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा क्विज प्रतियोगिता भी हुई। आयोजन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया,जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पार्षद रजनी भंडारी ने बताया कि महिलाओं ने देशभक्ति के गीत गाए,जिससे कार्यक्रम का माहौल जोश,गर्व और एकता से भर गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज की महिलाओं के बीच आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हैं,और नए विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं।